# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2020

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2020

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# PSYCHOLOGY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 42 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। आपको 35 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. दूसरों की उपस्थिति में लोग कभी-कभी अधिक गलतियाँ करते हैं। निष्पादन पर दूसरों की उपस्थिति का यह खराब प्रभाव कहलाता है।

(a) सामाजिक सरलीकरण

(b) सामाजिक श्रमावनयन

(c) सामाजिक अवरोध

(d) इनमें से कोई नहीं

2. विद्यार्थी को महाविद्यालय में निर्धारित ड्रेस में जाना, खेल के मैदान में खेल के नियमों को अपनाना आदि उदाहरण हैं।

(a) अनुपालन

(b) अनुरूपता

(c) आज्ञापालन

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

3. जब व्यक्ति अपने अहं को किसी कष्टकर इच्छा के ठीक विपरीत इच्छा की प्रेरणा विकसित कर उससे उत्पन्न चिंता से अपने आपको बचाता है इसे कहा जाता है

(a) यौक्तिकीकरण

(b) प्रतिक्रिया निर्माण

(c) प्रक्षेपण

(d) इनमें से कोई नहीं

4. निम्न में से कौन अनुरूपता का निर्धारक है ?

(a) समूह का आकार

(b) समूह का संघटन

(c) समूह की शक्ति

(d) इनमें से सभी

5. वातावरणीय प्रदूषण किस रूप में हो सकता है ?

(a) वायु प्रदूषण

(b) जल प्रदूषण

(c) मिट्टी प्रदूषण

(d) इनमें से सभी

6. आक्रमण एवं हिंसा को कम करने का उपाय है

(a) सामाजिक अधिगम

(b) विरेचन विधि

(c) परानुभूति

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

7. सामूहिक अचेतन को किसने प्रस्तुत किया ?

(a) युंग

(b) एडलर

(c) फ्रायड

(d) इनमें से कोई नहीं

8. बन्दुरा ने कहा बच्चे असामाजिक व्यवहार सीखते हैं

(a) साधनात्मक अनुकूलन से

(b) प्रेक्षणात्मक अनुकूलन से

(c) क्लासिकी अनुकूलन से

(d) इनमें से कोई नहीं

9. संवेदन मंदक औषधियों का मुख्य कार्य होता है

(a) पीड़ादायक प्रभाव को कम करना

(b) उत्तेजना को बढ़ाना

(c) विभ्रम उत्पन्न करना

(d) इनमें से कोई नहीं

10. कुण्ठा आक्रमण सिद्धान्त में किसने कुण्ठा को आक्रमण की जननी माना है ?

(a) बन्दुरा

(b) डोलार्ड

(c) फ्रायड

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

11. एक प्रभावी मनोवैज्ञानिक की विशेषता होती है।

(a) सामर्थ्य

(b) वैज्ञानिक मानसिकता

(c) उत्तरदायित्व का बोध

(d) इनमें से सभी

12. साक्षात्कार में कौन चरण नहीं है ?

(a) प्रारंभिक तैयारी

(b) साक्षात्कार में संबंध की प्रगाढ़ता

(c) साक्षात्कार का संचालन या प्रश्नोत्तर सत्र

(d) साक्षात्कार समापन

13. स्व के विभिन्न पक्ष की संख्या क्या है ?

(a) 7

(b) 6

(c) 4

(d) 8

14. निम्नांकित में किसे स्व का पक्ष माना गया है ?

(a) स्व दक्षता को

(b) आत्म गौरव को

(c) आत्म पहचान को

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. टाइप-सी व्यक्तित्व का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) आलपोर्ट

(b) मोरिस

(c) फ्रीडमैन

(d) इनमें से कोई नहीं

16. निम्नलिखित में किसे योग के पिता के रूप में आदर प्राप्त है ?

(a) महेश योगी

(b) गौतम बुद्ध

(c) महर्षि पतंजलि

(d) रजनीश

17. लियोन फेस्टिंगर ने संज्ञानात्मक असंवादिता सिद्धान्त का प्रतिपादन किस वर्ष किया ?

(a) 1947

(b) 1967

(c) 1977

(d) 1957

18. निम्न में से कौन छवि निर्माण की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं है ?

(a) चयन

(b) संगठन

(c) भूमिका निर्वाह

(d) अनुमान

BiharboardQuestionpaper.com

19. निम्न में से कौन प्राथमिक समूह का उदाहरण है ?

(a) परिवार

(b) वर्ग

(c) खेल का मैदान

(d) इनमें से सभी

20. निम्न में से कौन समूह संरचना का तत्व नहीं है ?

(a) समीपता

(b) समानता

(c) असुरक्षा तथा चिंता का भाव

(d) अनुमान

21. किसने समूह को दो वर्गों-प्राथमिक समूह और गौण समूह में बाँटा है ?

(a) आलपोर्ट

(b) चार्ल्स

(c) कूले

(d) डब्ल्यु. जी. समनर

22. निम्न में से कौन अफीम से उत्पन्न औषध है ?

(a) मार्फिन

(b) हेरोइन

(c) मेथाडोन

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

23. मनोशल्य चिकित्सा पद्धति को किसने विकसित किया ?

(a) इगास मोनिज

(b) कार्ल रोजर्स

(c) एक पर्ल्स

(d) इनमें से कोई नहीं

24. विद्युत आघात चिकित्सा को किसने विकसित किया ?

(a) कार्ल रोजर्स

(b) इगास मोनिज

(c) सरलेटी तथा बिनी

(d) एफ. पर्ल्स

25. रोर्शाक परीक्षण है

(a) बुद्धि परीक्षण

(b) अभिक्षमता परीक्षण

(c) प्रक्षेपी परीक्षण

(d) इनमें से कोई नहीं

26. निम्नलिखित में से कौन शाब्दिक बुद्धि परीक्षण है ?

(a) पास एलांग परीक्षण

(b) घन निर्माण परीक्षण

(c) स्टैनफोर्ड-बिने परीक्षण

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

27. रेवेन प्रोग्रेसिव मैट्रिक्स किस तरह का बुद्धि परीक्षण है ?

(a) अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(b) शाब्दिक बुद्धि परीक्ष

(c) योग्यता परीक्षण

(d) इनमें से सभी

28. संज्ञानात्मक असंवादिता से तात्पर्य है

(a) दो मानसिक दशाओं का संगत होना

(b) दो मानसिक दशाओं का असंगत होना

(c) दो मानसिक दशाओं को विपरीत होना

(d) दो मानसिक दशाओं का कठिन होना

29. चाटुकारिता, पारस्परिकता तथा बहु अनुरोध प्रविधियाँ हैं

(a) अनुरूपता के

(b) अनुपालन के

(c) आज्ञापालन के

(d) इनमें से कोई नहीं

30. फ्रिट्ज हाइडर का संतुलन सिद्धान्त या POX मॉडल में P प्रतिनिधित्व करता है

(a) कोई वस्तु

(b) अन्य व्यक्ति

(c) व्यक्ति

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

31. व्यक्तित्व के शीलगुण के आधार पर किसने व्यक्तित्व को विभाजित किया ?

(a) क्रेश्मर

(b) शेल्डन

(c) युंग

(d) इनमें से कोई नहीं

32. निम्नलिखित में से कौन गिलफोर्ड के त्रिविमात्मक सिद्धान्त का कारक नहीं है ?

(a) संक्रिया

(b) संख्यात्मक योग्यता

(c) विषयवस्तु

(d) उत्पाद

33. निम्नांकित में कौन विशिष्ट बालक नहीं है ?

(a) प्रतिभाशाली बालक

(b) सामान्य बालक

(c) मानसिक दुर्बल बालक

(d) विकलांग बालक

34. निम्नलिखित में से कौन दैहिक विकार है ?

(a) पीड़ा विकार

(b) काय आलंविता विकार

(c) रूपान्तर विकार

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

35. निम्नांकित में से कौन संघर्ष समाधान युक्ति है ?

(a) समझौता वार्ता

(b) पारस्परिक संपर्क

(c) अनुकूल विधान

(d) इनमें से सभी

36. निम्न में से कौन परामर्श का क्षेत्र नहीं है ?

(a) निजी

(b) शैक्षिक

(c) निर्देशन

(d) व्यवसायात्मक

37. 'अमूर्त चिन्तन की योग्यता ही बुद्धि है।" किसने कहा है ?

(a) टर्मन

(b) वेश्लर

(c) स्टर्न

(d) बकिंघम

38. निम्नलिखित में से संस्कृति मुक्त परीक्षण कौन-सा है ?

(a) बिने-साइमन परीक्षण

(b) वेश्लर बुद्धि परीक्षण

(c) कैटेल बुद्धि परीक्षण

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

39. प्रतिभाशाली बालकों की सबसे बड़ी विशेषता है

(a) सूझ

(b) दृढ़ता

(c) मौलिकता

(d) संवेगात्मक परिपक्वता

40. टाइप 'ए' प्रकार के व्यक्तित्व में कौन-सी विशेषताएं पायी जाती है ?

(a) प्रतियोगिता

(b) आक्रामकता

(c) बेसब्री

(d) इनमें कोई सभी

41. किसने व्यक्तित्व को टाइप "ए" प्रकार तथा टाइप "बी" प्रकार में बाँटा है ?

(a) फ्रायड एवं युंग

(b) पुंग एवं एडलर

(c) फ्रिडमैन एवं रोजेनमैन

(d) कैटेल एवं आइजेंक

42. निम्नांकित में से कौन-सा मनोवैज्ञानिक विकारों के वर्गीकरण की नवीन पद्धति है?

(a) डीएसएम III आर

(b) डीएसएम IV सी

(c) आईसीडी-10

(d) डब्ल्यूएचओ

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 18 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर है। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द सीमा 30 से 40 शब्द |

1. समय प्रबन्धन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
2. व्यवहार पर टेलीविजन के समाघात को लिखें।
3. बुद्धि मापन के एक वाचिक बुद्धि परीक्षण का वर्णन करें।
4. सामाजिक तनाव का वर्णन करें।
5. सहभागी प्रेक्षण कौशल क्या है ?
6. सर्जनात्मकता को समझाइये।
7. परामर्शदाता की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन करें।
8. संवेगात्मक बुद्धि क्या है ?
9. अंतरसमूह संघर्ष से आप क्या समझते हैं ?
10. वैयक्तिक भिन्नता क्या है ?
11. मानसिक दुर्बल बालक की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन करें
12. मानव व्यवहार पर इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण के प्रभाव का वर्णन करें।
13. संस्कृति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
14. दमन पर सक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
15. शेल्डन के अनुसार व्यक्ति के प्रकारों का वर्णन करें।
16. मद्यपानता संबद्ध विकार पर टिप्पणी लिखें।
17. पराहं की विशेषताओं को लिखें।
18. भारतीय पुनर्वास परिषद् क्या है ?

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 19 से 24 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा 80 से 100 शब्द है।

19. परामर्श क्या है ? परामर्श प्रक्रिया के चरणों का वर्णन करें।

20. अंतरसमूह संघर्ष के कारणों का वर्णन करें।

21. मनोवृत्ति का निर्माण किस तरह से होता है ?

22. मनोचिकित्सा के चरणों की विवेचना करें।

23. मनोवैज्ञानिक प्रकार्य तथा स्वास्थ्य पर तनाव के प्रभाव का वर्णन करें।

24. व्यक्तित्व के पाँच शील गुणों का वर्णन करें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..